भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 112 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 8 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## अंता उपचुनाव पर बोले गहलोत-कांग्रेस पूरी ताकत से लड़ेगी, सीट हम जीतकर रहेंगे

**भीलवाड़ा फोकस @ टोंक।**

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि आगामी अंता विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पूरी मजबूती और रणनीति के साथ मैदान में उतरेगी और यह सीट कांग्रेस के खाते में जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उम्मीदवार का नाम जल्द तय किया जाएगा, जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरेंगे।

गहलोत मंगलवार को टोंक में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। अंता उपचुनाव पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने जीत की बात कही । गहलोत ने कहा पहले प्रमोद जैन भाया उम्मीदवार थे, अब हमारे रंधावा साहब दिल्ली से आ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और सभी नेता आपस में चर्चा कर रहे हैं। उम्मीदवार का फैसला जल्द होगा और हम यह सीट जीतकर रहेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस संगठन पूरी तरह सक्रिय है और अंता उपचुनाव को लेकर पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर कार्यकर्ता को अब कांग्रेस की



मजबूती के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। नरेश मीणा से जुड़े सवाल पर गहलोत ने संयम और धैर्य की सलाह देते हुए कहा की नरेश मीणा प्रतिभाशाली और ऊर्जावान नौजवान हैं, लेकिन उन्हें संयम रखना चाहिए। जल्दबाजी में फैसले लेने वाले अक्सर ठोकर खाते हैं। अगर वो धैर्य रखेंगे तो लंबी रेस का घोड़ा साबित होंगे।

## रेलवे स्टेशन पर दिल दहला देने वाली घटनाः युवक ने ट्रेन के सामने लगाई छलांग, मौके पर मौत



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म पर मंगलवार को अचानक अफरा-तफरी मच गई , जब एक युवक ने जोधपुर-इंदौर एक्सप्रेस के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म छोड़ रही थी, युवक ट्रैक पर लेट गया और ट्रेन के पहियों के नीचे आ गया।

जीआरपी चौकी प्रभारी खलील अहमद ने बताया कि मृतक करीब 28 वर्षीय, गेहुंआ रंग का, 5 फीट 10 इंच कद वाला युवक था। उसने नीली जींस और भूरे रंग की टी-शर्ट पहनी थी। दाहिने हाथ पर अंग्रेजी अक्षर, गुदा हुआ है । युवक के पास अजमेर-भीलवाड़ा रेल टिकट भी है । शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया और पुलिस ने पहचान के प्रयास शुरू किए हैं। पुलिस ने बताया कि युवक के आत्महत्या करने के कारण अभी स्पष्ट नहीं हुए हैं। इस घटना ने स्टेशन पर अफरा-तफरी मचा दी और यात्रियों में डर फैल गया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है ।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गहलोत का गर्मजोशी से किया स्वागत ,संगठन सृजन पर की चर्चा

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार रात पूर्व मुख्यमंत्री शिव चरण माथुर की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर होने वाले मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भीलवाड़ा से जाते समय नगर के केसरगंज चोराहे पर करीब 30 मिनट रुके। इस दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं ने गहलोत का भव्य स्वागत किया।

कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर



गहलोत से संगठन सृजन, आगामी चुनाव और जिले में युवा तथा महिला कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की योजनाओं पर चर्चा की। गहलोत ने कार्यकर्ताओं को हौसला बढ़ाया और कहा कि संगठन के माध्यम से हर वर्ग तक कांग्रेस की गतिविधियों को पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने विशेष रूप से युवा और महिला कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़, यूथ कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष तूफान यादव, मंडल अध्यक्ष अनिल राव, जिला परिषद सदस्य अंकित तिवाड़ी, शंकर धाकड़ सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई ट्रक से 224 किलो डोडा चूरा जब्त





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

मंगरोप थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अंजाम देते हुए ट्रक कंटेनर से 224 किलो डोडा चूरा जब्त किया और चालक को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में पकड़े गए चालक ने डोडा चूरा मध्य प्रदेश से तस्करी कर पंजाब ले जाने की जानकारी दी है

जानकारी के अनुसार मंगलवार को थाना प्रभारी विजय कुमार मीणा पुलिस टीम के साथ नेशनल हाइवे 48 पर मंडपिया चौकी के पास नाकाबंदी कर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान चित्तौड़गढ़ की ओर से आ रहे हिमाचल प्रदेश के ट्रक कंटेनर को रोककर चेक किया गया। जांच में केबिन में बने गुप्त चेंबर से 12 प्लास्टिक कट्टों में भरा हुआ डोडा चूरा बरामद हुआ, जिसका कुल वजन 224 किलो पाया गया।

पुलिस ने डोडा चूरा सहित कंटेनर को जप्त कर हिमाचल प्रदेश के सोलन निवासी चालक श्यामलाल ठाकुर राजपूत को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है । मामले की अग्रिम जांच सुभाष नगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर कर रहे है ।

## सर्राफा व्यवसायियों से 14 लाख का सोना हड़पने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भीमगंज थाना पुलिस ने सर्राफा व्यवसायियों से करीब 14 लाख रुपये मूल्य का सोना हड़पने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 126.9 ग्राम सोना, 58.870 ग्राम चांदी और 1 लाख 51 हज़ार 21 रुपये नकद बरामद किए हैं।

थानाधिकारी गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया की 25 सितंबर को सर्राफा व्यवसायी योगेश सोनी सहित अन्य व्यापारियों ने रिपोर्ट दी थी कि आरोपी चंदन क्षेत्रपाल (33), निवासी महेशपुर, पश्चिम बंगाल, हाल बहाला, भीलवाड़ा, जो सोने के आभूषण बनाने का कारीगर है, उनसे आभूषण तैयार करने के लिए लेकर गया और शुद्ध सोना हड़प



कर फरार हो गया। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की । जिसपर विशेष टीम ने तकनीकी आधार पर सुराग जुटाते हुए पश्चिम बंगाल में आरोपी को डिटेन किया और पूछताछ की । जिसमे उसने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से सोना, चांदी और नकदी बरामद कर गिरफ्तार किया है । पुलिस का कहना है कि आरोपी से और भी वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## 15 हजार रुपये का इनामी अफीम तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सुभाषनगर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के तहत कार्रवाई करते हुए दो साल से फरार चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर अफीम तस्करी के गंभीर आरोप थे और पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी।

थानाधिकारी शिवराज गुर्जर ने बताया की वर्ष 2023 में पुलिस ने आकस्मिक जांच के दौरान अजमेर चौराहे के पास तस्कर अजय सिंह को 1 किलो 20 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया था। जांच में खुलासा



हुआ कि यह अफीम सचिन पिता जोतराम जाट, निवासी सोमासर, थाना राजियासर, जिला श्रीगंगानगर से मंगवाई गई थी। घटना के बाद से सचिन फरार चल रहा था, जिस पर पुलिस ने 15,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। लगातार प्रयासों और तकनीकी निगरानी के बाद पुलिस टीम ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।आरोपी से पूछताछ जारी है, जिससे मादक पदार्थों की सप्लाई नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की उम्मीद है।

## युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा ।**

कस्बे में मंगलवार को एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को घटना की जानकारी तब लगी जब मृतक युवक का बेटा स्कूल से लौटा और उसने पिता को फंदे पर लटका पाया। बेटे की चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार, रैगर मोहल्ला निवासी भागीरथ (32) मंगलवार को घर पर अकेला था। उसकी पत्नी काम पर गई थी और बच्चे स्कूल में थे। इस दौरान भागीरथ ने गले में रस्सी का फंदा डालकर खुदकुशी कर ली। फिलहाल पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द किया है और जाँच शुरू की है । युवक दो बच्चों का पिता था।

## होटल में नाश्ता करते समय चोरी, सोने के गहनों से भरे बैग ले उड़े बदमाश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में मंदसौर से अपनी बेटी की शादी में शामिल होने आई एक महिला मंगलवार को होटल में नाश्ता करने के दौरान चोरी की घटना का शिकार हो गई । जानकारी के अनुसार महिला होटल में रुकी ही थी, कि कुछ ही मिनटों में पार्किंग में खड़ी क्रेटा कार का शीशा तोड़कर चोरों ने दो बैग उड़ा लिए । बैग में शादी के मायरे के और अन्य करीब 160 ग्राम से अधिक सोने के गहने रखे हुए थे । घटना के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई ।



पुलिस ने होटल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें दो युवक होंडा बाइक पर आते दिखाई दिए। एक युवक ने शीशा तोड़ा और बैग उठाकर साथी के साथ भीलवाड़ा की ओर फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए बदमाशों की तलाश शुरू की है ।

# मांडलगढ़ में शिक्षक नहीं, छात्राओं ने ताला लगाकर जताया विरोध



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

मांडलगढ़ । खटवाड़ा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्यापकों की कमी के कारण छात्राओं ने मंगलवार को स्कूल का मुख्य गेट बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि महीनों से शिक्षक नहीं हैं, जिससे पढ़ाई पूरी तरह ठप हो गई है। छात्राओं ने सवाल उठाया कि जब स्कूलों में अध्यापक ही नहीं होंगे, तो बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान कैसे सफल होगा। ग्रामीणों ने कहा कि यह स्थिति सरकार के वादों की वास्तविकता उजागर करती है। इस मामले में ग्रामीणों का कड़ा रुख अपनाया है। ग्रामीणों का कहना है की यदि तीन दिनों में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई, तो एसडीएम कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की।


# स्वायत्त शासन मंत्री जब्बर सिंह खर्रा का भीलवाड़ा दौरा , विभिन्न विकास कार्यों का किया शिलान्यास

## अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचे सरकार की योजनाओं का लाभ - मंत्री खर्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

स्वायत्त शासन मंत्री जब्बर सिंह खर्रा मंगलवार को भीलवाड़ा दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने नगर निगम स्थित टाउन हॉल में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

मंत्री खर्रा ने नगर निगम के शहरी सेवा शिविर का अवलोकन किया, इसके बाद टाउन हॉल में आयोजित समारोह में कई कार्यों का शिलान्यास किया । जिनमें सांगानेर तालाब सौंदर्यकरण ?326 लाख, गांधी सागर तालाब के समानांतर नाले का निर्माण 215 लाख और शहर में दो पिंक टॉयलेट निर्माण शामिल हैं।



इस अवसर पर मंत्री ने 19 लाभार्थियों को पट्टे और प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम छोर पर खड़े पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है ताकि कोई भी जरूरतमंद वंचित न रहे।

कार्यक्रम में यूआईटी सचिव ललित गोयल, नगर निगम महापौर, आयुक्त हेमाराम, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# धामनिया में सड़क हादसाः खस्ताहाल सड़क बनी खतरा, इको कार खाई में गिरी, चालक घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

**विक्रम सिंह ।** क्षेत्र के जगपुरा चौराहे पर मंगलवार को एक इको कार असंतुलित होकर खाई में गिर गई, जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत काछोला सीएचसी पहुंचाया, जहां इलाज जारी है।

ग्रामीणों ने बताया कि नाहरगढ़ चौराहे से थल गांव तक सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढे और झुके बबूल के पेड़ हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं। बार-बार शिकायत के बावजूद अब तक मरम्मत नहीं हुई है।



ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क की मरम्मत और झाड़ियों की कटाई नहीं करवाई गई, तो बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

# गौतम आश्रम में भव्य भक्ति संध्या रविवार को

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**


भक्ति रस से सराबोर माहौल बनाने की तैयारी में स्थानीय आजाद नगर स्थित गौतम आश्रम सज चुका है। आगामी 12 अक्टूबर को यहां दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक भव्य भक्ति संध्या एवं छप्पन भोग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक युवराज वैष्णव और नवल भारद्वाज अपने सुमधुर स्वर से भक्तों को भक्ति के सागर में डुबो देंगे। आयोजन श्री इच्छापूर्ण बालाजी एवं नाकोड़ा भैरव देव भक्त परिवार ओ सेक्टर आजाद नगर के तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजक छगन सिंह जैन ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह आयोजन श्री सकल प्राज्ञ गुरु भक्त परिवार, भीलवाड़ा एवं श्री चारभुजानाथ भक्त मंडल गौतम आश्रम के सौजन्य से किया जा रहा है।

# अहिंसा विहार हादसाः चार साल के मासूम को निजी स्कूल बस ने कुचला, चालक फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

अहिंसा विहार कॉलोनी में मंगलवार को एक दर्दनाक घटना घटी, जब आस्था स्कूल की बस की चपेट में आने से चार वर्षीय बालक विकास धाकड़ उसके नीचे आ गया। बस के नीचे आने से बालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक फरार हो गया ।

प्रताप नगर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम करवाया । प्रारंभिक




जानकारी के अनुसार बालक अपने घर के पास खेल रहा था, तभी स्कूल बस की चपेट में आ गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और चालक की गिरफ्तारी के लगातार प्रयास कर रही है।

# जिला अस्पताल में महिला के बैग से 18 हजार की चोरी , दो दिन से थानों के चक्कर काट रही पीड़िता, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

**मूलचंद पेसवानी।** महात्मा गांधी जिला अस्पताल, भीलवाड़ा में सोमवार को इलाज के लिए गई शाहपुरा निवासी महिला पुष्पा खारोल 31 के बैग से 18 हजार रुपये नकद, एटीएम कार्ड और जरूरी दस्तावेज चोरी हो गए। घटना को दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की कार्रवाई नहीं होने से पीड़िता न्याय के लिए भटक रही है।

पुष्पा ने बताया कि वह कानों की जांच और कुछ टेस्ट करवाने अस्पताल पहुंची थीं। ब्लड सैंपल देने के बाद उसे चक्कर आने लगे, इसलिए वह



कुछ देर बैठीं और फिर एक्स-रे के लिए 45 नंबर कमरे पर पहुंचीं। कर्मचारी ने उन्हें नंबर डलवाने के लिए काउंटर पर भेजा। इसी दौरान फिर से चक्कर आने पर उन्होंने जाली पकड़ ली। तभी मौके का फायदा उठाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके बैग की चेन खोल दी और 18 हजार रुपये सहित एटीएम, आधार कार्ड और पति का फोटो चुरा लिया।

घटना का अहसास होते ही पुष्पा अस्पताल की पुलिस चौकी पहुंचीं, लेकिन वहां कोई जवान मौजूद नहीं था। बाद में वह भीमगंज थाने गईं, जहां से एक पुलिसकर्मी के साथ अस्पताल लौटीं लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब दो दिन बाद भी न तो रिपोर्ट दर्ज हुई और न ही कोई कार्रवाई शुरू हुई। पीड़िता ने कहा, मैं दो दिन से थानों और अस्पताल के चक्कर काट रही हूं, लेकिन मेरी बात कोई नहीं सुन रहा। मेरे सारे पैसे और कागज़ात चले गए हैं। गौरतलब है कि अस्पताल परिसर में हर माह लाखों रुपये सुरक्षा व्यवस्था पर खर्च किए जाते हैं, फिर भी चोरी जैसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। गार्ड तैनात होने के बावजूद यह वारदात सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। लोगों ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि जिला अस्पताल में मरीज और परिजन अब असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर सख्त कदम उठाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जाएं।

# थानाधिकारी ने नियम विरुद्ध वाहन पर की कार्रवाई, जाति लिखी नंबर प्लेट और ब्लैक फिल्म हटवाई



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

थानाधिकारी उगमाराम सैनी ने मंगलवार को तेजाजी चौक पर एक स्कार्पियो वाहन पर कार्रवाई की। वाहन पर नियमों के विरुद्ध जाति का नाम अंकित नंबर प्लेट और ब्लैक फिल्म लगी खिड़कियां पाई गई।

थानाधिकारी सैनी ने मौके पर ही नंबर प्लेट और ब्लैक फिल्म हटवाने की कार्रवाई की तथा चालक को नियम विरुद्ध वाहन संचालन पर पाबंद किया। उन्होंने कहा कि यातायात और मोटर वाहन नियमों की अवहेलना करने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

थानाधिकारी ने आमजन से अपील की कि वे अपने वाहनों पर किसी भी प्रकार के धार्मिक, जातिगत या राजनीतिक शब्द अंकित न करें और ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करते हुए वाहन नंबर सही से अंकित करवाए ,अन्यथा नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# 5000 रुपये का ईनामी अपराधी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचंद पेसवानी।** थाना पुलिस ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 5000 रुपये के ईनामी वांछित अपराधी प्रेम सिंह उर्फ प्रेमा (25) निवासी बंजारों का झुपड़ा, बोरड़ा को उसके घर की घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। थानाधिकारी सुरेश चंद्र ने बताया कि आरोपी दिसंबर 2024 में पुलिस टीम पर हमला कर वांछित अपराधी मदन बंजारा को छुड़ाकर फरार हो गया था।

उसके खिलाफ मामला दर्ज था। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में चल रहे अपराधी पकड़ो अभियान के तहत आरोपी को हिरासत में लिया है । आरोपी से अन्य मामलों में भी पूछताछ की जा रही है





## QUICK BITES

## आचार्यश्री स्वामी रामदयाल महाराज अब न्याय आसन से देंगे भक्तों को आशीर्वाद

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा -



**मूलचन्द पेसवानी** - अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर जगतगुरु आचार्यश्री स्वामी रामदयाल महाराज अब से अपने भक्तों को न्याय के आसन से ही दर्शन और आशीर्वाद प्रदान करेंगे। शाहपुरा स्थित रामनिवास धाम में यह नई व्यवस्था लागू की गई है, जिसके तहत श्रद्धालु वहीं आचार्यश्री के सान्निध्य में आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे।

आचार्यश्री पूर्व में इसी न्याय आसन पर संप्रदाय से जुड़े धार्मिक और अनुशासनात्मक निर्णय करते रहे हैं। यह स्थान रामस्नेही परंपरा में धर्म, न्याय और सेवा का प्रतीक माना जाता है। अब भक्तों को एक ही स्थान पर उनके दर्शन और मार्गदर्शन दोनों का अवसर मिलेगा।

इन दिनों आचार्यश्री शाहपुरा रामद्वारा में विराजमान हैं, जहां देशभर से रामस्नेही अनुयायी उनके दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि आगामी दीपावली पर वे सूरत प्रवास पर रहेंगे, जहां रामस्नेही भक्तों द्वारा भव्य दीपोत्सव समारोह का आयोजन किया जाएगा।

आचार्यश्री ने कहा कि दीपावली आत्मशुद्धि और सद्भाव का पर्व है, और सूरत जैसे कर्मभूमि नगर में इसका विशेष महत्व रहेगा। उन्होंने भक्तों से धर्म, न्याय और सेवा की भावना के साथ जीवन जीने का संदेश दिया।

रामस्नेही संतों ने इसे परंपरा और आधुनिक व्यवस्था के समन्वय का प्रतीक बताया। इस नई व्यवस्था के बाद से रामनिवास धाम में भक्तों की आवाजाही और भक्ति वातावरण दोनों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

## शरद पूर्णिमा पर मंदिरों में लगाया खीर का भोग

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**( सांवर वैष्णव ):-** कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शरद पूर्णिमा पर सोमवार रात्रि को मंदिरों में भगवान को खीर का भोग लगाया गया । सोमवार रात्रि को खीर बनाकर रात को चंद्रमा की रोशनी में खीर को रखी, शरद पूर्णिमा को भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की पूजा के लिए खास माना जाता है, मध्य रात्रि को भगवान को खीर का भोग लगाकर भक्तों को खीर का प्रसादी वितरण किया गया ।।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# नगर पालिका में शामिल होने के बाद ठगा महसूस कर रहे फतेहपुर और पुरोहित का खेड़ा के ग्रामीण

## सफाई व्यवस्था ठप, योजनाओं का लाभ नहीं-नाराज़ ग्रामीण बोले, अब आंदोलन ही विकल्प

भीलवाड़ा फोकस @बिजोलिया



**(नरेश धाकड़)।** नवनिर्वाचित बिजोलिया नगर पालिका क्षेत्र में शामिल किए गए फतेहपुर और पुरोहित का खेड़ा ग्राम के लोग अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नगर पालिका क्षेत्र में जोड़े जाने के बाद से न तो सफाई व्यवस्था हो पा रही है और न ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

फतेहपुर के ग्रामीण शंकरलाल धाकड़ ने बताया कि जब से ग्राम नगर पालिका में जोड़ा गया है, तब से अब तक केवल एक बार सफाईकर्मी गांव में आए हैं। इसके बाद न तो कोई कर्मचारी पहुंचा और न ही कोई अधिकारी। पूरे गांव में गंदगी का अंबार लगा है और मूलभूत सुविधाएँ ठप हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पेंशन, नरेगा, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक कार्य पूरी तरह रुके हुए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत मकान अधूरे पड़े हैं। कई गरीब और बीपीएल परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। नरेगा में काम करने वाले मजदूरों को भी रोजगार नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि नगर पालिका प्रशासन और सरकार यदि जल्द सुधार नहीं करती तो वे मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था बहाल की जाए और सभी सरकारी योजनाओं का लाभ गांवों तक पहुँचाया जाए।

## शरद पूर्णिमा पर मंदिरों में भक्ति संध्या और खीर का भोग, श्रद्धा से ओतप्रोत हुआ वातावरण

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**मूलचंद पेसवानी।** शरद पूर्णिमा का पावन पर्व सोमवार रात शाहपुरा और आसपास के क्षेत्रों में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। श्री मथुराधीश मंदिर चमना बावड़ी और तसवारिया बासां स्थित श्री श्याम महाराज मंदिर में आयोजित कार्यक्रमों में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

मथुराधीश मंदिर में 51 किलो दूध की खीर तैयार कर धवल चांदनी में रखी गई। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की अमृत किरणों से यह खीर औषधीय गुणों से युक्त हो जाती है। रात्रि में भक्ति संध्या में भक्तों ने मेरा आपकी कृपा सेज्जैसे भजनों पर नृत्य किया और मध्यरात्रि में महाआरती के बाद खीर प्रसाद का वितरण हुआ। वहीं तसवारिया बासां गांव में सेन समाज की ओर से शरद पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री श्याम महाराज मंदिर में भजन संध्या, शोभायात्रा, महाआरती और पंगत प्रसादी का आयोजन हुआ। प्रसिद्ध गायक पिंटू सेन और सुख सेन ने भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

बैंड-बाजों के साथ निकली शोभायात्रा ने गांव के मुख्य मार्गों को गुंजायमान कर दिया। मंदिर परिसर को विद्युत सज्जा और झालरों से सजाया गया। मध्यरात्रि में खीर प्रसाद का वितरण हुआ, जिसे श्रद्धालुओं ने चांदनी में ग्रहण किया।

## प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने शाहपुरा की छात्रा टीम रवाना

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**मूलचन्द पेसवानी** । आदर्श विद्या मन्दिर हायर सैकंडरी स्कूल, शाहपुरा की बालिका कबड्डी टीम मंगलवार को चित्तौड़गढ़ के लिए रवाना हुई। टीम प्रांत स्तरीय 17 वर्ष आयु वर्ग की छात्रा कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेगी, जो 9 अक्टूबर 2025 तक आयोजित की जाएगी।

टीम का नेतृत्व प्रभारी रेणु रेगर एवं सांवरलाल खारोल कर रहे हैं। शाहपुरा की इस टीम ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता रहकर प्रांत स्तरीय मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया था। टीम में राधिका माली, अंजली साहू, रीना जाट, किरण मीणा, अंजली चौधरी, उमा बंजारा, नम्रता कंवर, सोनल वैष्णव, खुशी जाट, शर्मिला बंजारा और खल्लू जाट शामिल हैं। टीम को रवाना करते समय विद्यालय के प्रधानाचार्य दुर्गालाल , अशोक कुमार शर्मा, सांवरलाल प्रजापत और मोहनलाल कोली सहित कई स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## राजकीय कन्या महाविद्यालय में आत्मरक्षा प्रशिक्षण का तीसरा चरण सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।



**मूलचन्द पेसवानी** । राजकीय कन्या महाविद्यालय, शाहपुरा में रानी लक्ष्मीबाई केंद्र के तहत चल रहे चार सप्ताह के आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का तीसरा चरण सम्पन्न हुआ। इस दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा की शारीरिक तकनीकों के साथ मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास विकसित करने का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पुष्करराज मीणा ने की। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा आज हर छात्रा के लिए जीवन की आवश्यकता है। संयोजक प्रो. प्रियंका ढाका ने बताया कि छात्राओं को पकड़ से मुक्त होने और बचाव की व्यावहारिक तकनीकें सिखाई गईं।

राजस्थान पुलिस की महिला कांस्टेबलों ने भी छात्राओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपाय बताए। वहीं प्रो. नीरज शर्मा ने मानसिक दृढ़ता और विवेक से कार्य करने के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के अंत में छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली और संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी गई।

## गौ भक्त ओम मुंडेल का शाहपुरा में भव्य स्वागत, गौ को माता का दर्जा देने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**मूलचन्द पेसवानी।** गौ सेवा और सनातन संस्कृति के प्रचार में समर्पित गौ भक्त ओम मुंडेल का मंगलवार को शाहपुरा पहुंचने पर गौ भक्तों ने भव्य स्वागत किया। गौ माता की जय और भारत माता की जय के जयघोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम में ओम मुंडेल ने राज्य सरकार से गौ को गौ माता का कानूनी दर्जा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि गौ भारतीय संस्कृति की आत्मा है और उसके बिना पर्यावरण, कृषि व स्वास्थ्य की कल्पना अधूरी है। साथ ही उन्होंने गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और हर जिले में आधुनिक गौशालाओं की स्थापना की आवश्यकता बताई।

मुंडेल ने युवाओं से गौ सेवा से जुड़ने और गोचर भूमि की रक्षा का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गौ सेवा केवल धर्म नहीं, यह मानवता का परम कर्तव्य है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गौ भक्तों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और धर्मप्रेमी नागरिकों ने भाग लिया। अंत में गौ रक्षा को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया गया और भव्य आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# इंटैक द्वारा वन्यजीव संरक्षण सप्ताह पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

## 176 छात्र-छात्राओं ने चित्रों से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज इंटैक भीलवाड़ा चेप्टर की ओर से वन्यजीव संरक्षण सप्ताह पर डॉ. भी.अं.रा.बा.मा. विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। तीन विद्यालयों से 176 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर वन्यजीवों की सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन का संदेश अपने चित्रों के माध्यम से दिया।

मुख्य वक्ता इंटैक कन्वीनर बाबूलाल जाजू ने कहा कि वन्यजीव हमारे पर्यावरण के अभिन्न अंग हैं, जिनका संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय परिसर में जामुन सहित अन्य पौधे रोपित किए और बच्चों को संरक्षण का संकल्प दिलाया।

प्रतियोगिता में 6-8 वर्ग में कमला मीणा प्रथम, आकांक्षा लखारा द्वितीय, साक्षी खटीक तृतीय, जबकि 9-10 वर्ग में गायत्री रेगर प्रथम, दीपिका रेगर द्वितीय एवं संजना मीणा तृतीय रहीं। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। प्रधानाध्यापक सलीम मोहम्मद बिसायती ने इंटैक का आभार जताया। कार्यक्रम में प्रीति जैन, डॉ. पंकज चंदेल, बुद्धि प्रकाश मीणा, बबीता पारीक और आशा डीडवानिया ने भी छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

# संगम विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार राष्ट्रीय सुरक्षा पर भू-स्थानिक दृष्टिकोण: एक सामाजिक परिप्रेक्ष्य का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



संगम विश्वविद्यालय, भीलवाड़ा के भू-सूचना विज्ञान विभाग एवं भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार राष्ट्रीय सुरक्षा पर भू-स्थानिक दृष्टिकोण- एक सामाजिक परिप्रेक्ष्य का शुभारंभ हुआ।

उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. अजीत कुमार कर्नाटक, माननीय कुलपति, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट कर्नल शैलेन्द्र सिंह राठौर और इसरो से डॉ. पाठक उपस्थित रहे।

सेमिनार के संयोजक डॉ. लोकेश त्रिपाठी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और थीम पर अपने विचार साझा किए। मुख्य अतिथि प्रो. कर्नाटक ने विजन भारत 2047 के संदर्भ में सेमिनार के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथियों ने ड्रोन तकनीक के उपयोग और महत्व को सिंदूर ऑपरेशन के उदाहरण के माध्यम से समझाया।

संगम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना ने विभाग को इस सार्थक पहल के लिए बधाई दी और विषय से जुड़े नीतिगत पहलुओं और व्यवहारिक पक्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. संदीप चौरसिया ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। सेमिनार के सह-संयोजक डॉ. मुकेश शर्मा एवं समन्वयक डॉ. विकास सोमानी रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा काबरा और डॉ. नेहा सभरवाल ने किया।

# खजीना संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बालिकाओं ने बेडमिंटन व खो-खो में दिखाया दमखम

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला / सवाईपुर



( जसवंत पारीक) (सांवर वैष्णव) खजीना गांव के राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में आयोजित संभाग स्तरीय उच्च प्राथमिक एवं वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बालिका वर्ग प्रतियोगिता का तीसरा दिन खेलों की रोमांचक झलक पेश कर गया। प्रतियोगिता में 14 वर्ष और 19 वर्ष की छात्राओं ने बेडमिंटन और खो-खो में अपनी ताकत और रणनीति का परिचय दिया। प्रधानाचार्य भवानी शंकर शर्मा ने बताया कि सीनियर वर्ग में बेडमिंटन में सैसड़ा, नागौर ने पंडेर को 2-0 से, सागरिया ने मेजबान खजीना को 2-0 से, ताऊसर, नागौर ने किशनगढ़ को 2-1 से और गलोद ने सावर को 2-0 से हराया।

जूनियर वर्ग में शाहपुरा ने बीरधोल को 2-0 से, रामनेर की ढाणी ने मेजबान खजीना को 2-0 से, मेवदा कला ने किशनगढ़ को 2-0 से और भगवानपुरा ने मांडल देवा, नागौर को 2-0 से पराजित किया। गांगुड़ा, नागौर ने डिग्गी को 2-0 से हराया। कबड्डी जूनियर वर्ग में मेवदा कला ने मेजबान खजीना को 37-11 से मात दी। खो-खो सीनियर वर्ग में सागरिया ने हमीरगढ़ को 10 अंकों से, जबकि मोगास ने खजूरी को 17 अंकों से पराजित किया।

## मांडलगढ़ विधायक की पहल: 90' से अधिक अंक वाली छात्राओं को अयोध्या दर्शन की हवाई यात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद



( सुरेश ) । शिक्षा में मेधावी बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विधायक गोपाल खंडेलवाल की पहल पर क्षेत्र की वे छात्राएं जिनकी 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90% से अधिक अंक हैं, उन्हें अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन के लिए हवाई यात्रा का अवसर मिलेगा।

इस योजना के तहत बीगोद की खुशबू कंवर (93.20%) पहली उड़ान करेंगी। उन्हें विधायक के प्रतिनिधि श्यामलाल अहीर ने शुभकामना पत्र और यात्रा सहमति पत्र प्रदान किए।

खंडेलवाल ने बताया कि पूरे विधानसभा क्षेत्र की मेधावी छात्राओं की सूची शिक्षा विभाग से प्राप्त कर चयनित छात्राओं को जल्द अयोध्या दर्शन के लिए भेजा जाएगा। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं में प्रतिस्पर्धा और शिक्षा के प्रति प्रेरणा बढ़ाना है।

## कल्याणी फाउंडेशन का स्थापना समारोह, दिव्या बोरदिया बनीं अध्यक्ष



भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा।

महिला एवं बाल कल्याण के उद्देश्य से स्थापित कल्याणी फाउंडेशन का स्थापना एवं सदस्य स्वागत समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर अति. जिला कलक्टर प्रतिभा देवठिया मुख्य अतिथि रही, जिन्होंने फाउंडेशन की महत्वाकांक्षी भूमिका और जिले में इसकी सकारात्मक भूमिका पर प्रकाश डाला। समारोह में दिव्या बोरदिया को अध्यक्ष पद पर पदस्थापित किया गया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन महिलाओं को उद्यमिता, आत्मनिर्भरता, पहचान और सम्मान दिलाने का कार्य करेगा। समारोह में महावीर इंटरनेशनल की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मंजू पोखरना, बीजेएस प्रांतीय उपाध्यक्ष पुष्पा गोखरू, ओस्तवाल ग्रुप की डायरेक्टर एकता ओस्तवाल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रीना बापना ने किया और आभार जिम्मी जैन ने व्यक्त किया ।

## QUICK BITES

### पीएमश्री विद्यालय बाकरा के विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़




पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाकरा के विद्यार्थियों को मंगलवार को व्यावसायिक शिक्षा योजना के तहत औद्योगिक भ्रमण पर ले जाया गया। उन्होंने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई, बूंदी का दौरा किया, जहां विशेषज्ञों ने कौशल विकास, औद्योगिक प्रशिक्षण और डिजिटल तकनीक से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। भ्रमण दल को उप सरपंच सत्यनारायण शर्मा और दीपक पाराशर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण का संचालन प्रधानाचार्य सोजी राम मीणा और शिक्षक दल ने किया। विद्यार्थियों ने इस दौरान तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ बूंदी के ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों का भी अवलोकन किया गया ।

### किसानों को तिलहन मिशन के तहत दिया प्रशिक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ सावर




(दिलखुश) कस्बे के सामुदायिक भवन में मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय कृषि विभाग कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें किसानों को सरसों उत्पादन की उन्नत तकनीक, रोग नियंत्रण, सिंचाई और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक बाबूलाल मीणा ने तिलहन मिशन के तहत किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और उत्पादन बढ़ाने का संदेश दिया। सेवानिवृत्त सहायक कृषि अधिकारी रतनलाल पारीक ने बताया कि सल्फर डालने से तेल की मात्रा बढ़ती है, जबकि मंगल सिंह राठौड़ ने कीट और रोग नियंत्रण की विधियां समझाई।

सहायक निदेशक मदन रेडिया ने ड्रिप विधि से सिंचाई की सलाह दी और सहायक कृषि अधिकारी नसीर बेग ने राष्ट्रीय तिलहन उत्पादन कार्यक्रम के लाभों से अवगत कराया। कार्यशाला में कृषि विभाग के अधिकारी और सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

### सतगुरु बाबा शेवाराम साहब का 109वां प्राकट्य उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



हरि शेवा उदासीन आश्रम में सतगुरु बाबा शेवाराम साहब का 109वां वार्षिक प्राकट्य उत्सव शरद पूर्णिमा पर मनाया गया। इस अवसर पर श्री रामायण का अखंड पाठ पूरा हुआ और भोग, लड्डू महाप्रसाद व नगर में अन्न सेवा की गई।

सुबह धर्मध्वजारोहण के साथ गुरुओं की समाधियों पर श्रद्धालुओं ने पूजन किया। महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने सत्संग प्रवचन में कहा कि पाप कर्म सत्कर्मों को नष्ट कर देते हैं और सेवा-सुमिरन जीवन का मूल मंत्र है।

इस अवसर पर संत मयाराम, संत राजाराम, संत गोविंदराम, ब्रह्मचारी संत इंद्रदेव, सिद्धार्थ, कुणाल, मिहिर सहित अजमेर, पुष्कर, किशनगढ़, राजकोट, इंदौर और अन्य स्थानों से आए संत महात्मा उपस्थित रहे।

भजनों, हवन और अरदास के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने संतों के दर्शन और सत्संग का लाभ लिया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।